# उपयोगकर्ता मार्गदर्शिका

## नज़ूल पट्टा नामांतरण (राजस्व सेवाएँ) हेतु छत्तीसगढ़ ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन

छत्तीसगढ़ इन्फोटेक प्रमोशन सोसायटी

# विषय सूची


**ई-डिस्ट्रिक्ट: होम पेज** ........ 2

**चरण 1: ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर पंजीकरण** ........ 3

**चरण 3: पंजीकृत उपयोगकर्ता लॉगिन** ........ 4

**चरण 3: योजना खोज** ........ 5

**चरण 4: आवेदक की बुनियादी जानकारी** ........ 7

**चरण 5: नज़ूल पट्टा नामांतरण (राजस्व सेवाएँ) हेतु आवेदन** ........ 8

**चरण 6: आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करना** ........ 9


**चरण 7: पूर्वावलोकन और आवेदन जमा करना** ........ 10

**चरण 8: शुल्क का भुगतान** ........ 11

**चरण 9: पावती सुरक्षित रखना** ........ 12

# ई-डिस्ट्रिक्ट: होम पेज

अपने कम्प्यूटर या लैपटॉप के वेब ब्राउज़र में टाइप करें – cgedistrict.cgstate.gov.in
निम्नानुसार होमपेज खुलेगा।




**चित्र क्रमांक 1: छत्तीसगढ़ ई-डिस्ट्रिक्ट होम पेज**


लॉगिन करने के लिए होम पेज पर **नागरिक लॉगिन** बटन पर क्लिक करें।




**चित्र क्रमांक 2: नागरिक लॉगिन बटन**

# चरण 1: ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर पंजीकरण

अगर आप नए यूज़र हैं तो छत्तीसगढ़ ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल पर निम्न प्रक्रिया द्वारा रजिस्टर करें।




**चित्र क्रमांक 3: नवीन उपयोगकर्ता पंजीयन**

**चरण 1.1:** नए पंजीयन हेतु दिए गए लिंक पर क्लिक करें, निम्नानुसार नागरिक पंजीकरण पेज खुलेगा।




**चित्र क्रमांक 4: नागरिक पंजीकरण पेज**


**चरण 1.2:** नागरिक पंजीकरण पेज पर आवेदक उपयोगकर्ता नाम दर्ज करें।

**चरण 1.2:** फॉर्म में पूछी गई ज़रूरी जानकारियाँ दर्ज करें।

**चरण 1.2: "जमा करें"** बटन पर क्लिक करें। इस तरह रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूर्ण होती है।

# चरण 3: पंजीकृत उपयोगकर्ता लॉगिन

पंजीकृत उपयोगकर्ता निम्न प्रक्रिया द्वारा लॉगिन करें।




**चित्र क्रमांक 5: उपयोगकर्ता लॉगिन प्रक्रिया**

1. **यूज़रनेम** दर्ज करें।
2. **पासवर्ड** दर्ज करें।
3. ***"ओटीपी भेजें"*** पर क्लिक करें।
4. अपने पंजीकृत नंबर पर प्राप्त ओटीपी यहाँ दर्ज करें।
5. **लॉगिन** बटन पर क्लिक करें।

# चरण 3: योजना खोज


**चरण 3.1:** योजना खोज पेज में दी गई जानकारी भरें।

**चरण 3.2: खोजें** पर क्लिक करें। सेवाओं की सूची खुलेगी।





**चित्र क्रमांक 6: योजना खोज पेज**

**चरण 3.3:** प्रदर्शित सेवाओं की सूची में प्रदर्शित **राजस्व सेवाएँ (नज़ूल पट्टा नामांतरण हेतु)** का विकल्प न हो तो होम पेज पर क्लिक करें। निम्नानुसार उपयोगकर्ता का होमपेज खुलेगा।




**चित्र क्रमांक 7: उपयोगकर्ता होम पेज**


**चरण 3.4:** होम पेज में दिए गए "सभी सेवाएँ देखें" लिंक पर क्लिक करें। सेवाओं की सूची दिखाई देगी।




**चित्र क्रमांक 7: सेवाओं की सूची**

**चरण 3.5:** सेवाओं की सूची में से **राजस्व सेवाएँ (नज़ूल पट्टा नामांतरण हेतु)** के सामने दिए गए बटन पर क्लिक करें। आवेदक सर्च बार में योजना का नाम टाइप करके भी योजना की खोज कर सकते हैं।

निम्नानुसार सेवा का परिचय पेज खुलेगा। इस पेज पर आवश्यक दस्तावेज़ों की सूची भी देखी जा सकती है।





**चित्र क्रमांक 8: सहायक दस्तावेज़ों की सूची**

**चरण 3.4: "आगे"** बटन पर क्लिक करें।


# चरण 4: आवेदक की बुनियादी जानकारी

**चरण 4.1:** निम्नानुसार फॉर्म में पूछी गई जानकारियाँ दर्ज करें।




**चित्र क्रमांक 9: आवेदक की बुनियादी जानकारी**

**चरण 4.2:** फॉर्म भरने के बाद **"जमा करें"** बटन पर क्लिक करें। निम्नानुसार दस्तावेज़ों की जांच सूची दिखाई देगी।




**चित्र क्रमांक 10: सहायक दस्तावेज़ों की जांच सूची**

**चरण 4.3:** इस विंडो में दिए गए **"जमा"** बटन पर क्लिक करें।

# चरण 5: नज़ूल पट्टा नामांतरण (राजस्व सेवाएँ) हेतु आवेदन

**चरण 5.1:** आवेदन फॉर्म में आवेदक व्यक्तिगत व भूमि संबंधी ज़रूरी जानकारियाँ दर्ज करें।





**चित्र क्रमांक 11: नज़ूल पट्टा नामांतरण (राजस्व सेवाएँ) हेतु आवेदन**

**चरण 5.2:** फॉर्म भरने के बाद **"सहेजें और पूर्वावलोकन"** बटन पर क्लिक करें।

## चरण 6: आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करना

अनुलग्रक का विवरण पेज खुलेगा। आवश्यक दस्तावेज़ अपलोड करने के लिए निम्न प्रक्रिया का पालन करें।




**चित्र क्रमांक 12: सहायक दस्तावेज़ अपलोड**

**चरण 6.1:** “*Choose File*” पर क्लिक कर अपने कम्प्यूटर या लैपटॉप से दस्तावेज की स्कैन कॉपी चुनें।
**चरण 6.2:** फाइल चुनने के बाद ***“UPLOAD”*** पर क्लिक करें।
**चरण 6.3:** दस्तावेज अपलोड करने के बाद **“अनुलग्रक सहेजें”** पर क्लिक करें।
**चरण 6.4:** पुष्टिकरण के लिए डॉयलॉग बॉक्स खुलेगा, इसे **ओके** कर दें।

# चरण 7: पूर्वावलोकन और आवेदन जमा करना

अनुलग्नक सहेजने के पश्चात् निम्न चित्रानुसार पूर्वावलोकन पेज खुलेगा। ध्यानपूर्वक अपने आवेदन की जांच करें।


Session TimeOut (In Minute) : 15:00

होम

पूर्वावलोकन- राजस्व सेवाएँ (नज़ूल पट्टा नामांतरण हेतु )

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | आवेदन प्रपत्र निर्धारित शुल्क सहित | आवेदन प्रपत्र निर्धारित शुल्क सहित | देखे |
| 2 | खसरा | खसरा | देखे |
| 3 | नक्शा | नक्शा | देखे |
| 4 | खातेदार का शपथ पत्र | खातेदार का शपथ पत्र | देखे |
| 5 | इश्तेहार शुल्क | इश्तेहार शुल्क | देखे |
| 6 | तलबाना | तलबाना | देखे |
| 7 | पावर ऑफ़ अटॉर्नी/वकालतनामा | पावर ऑफ़ अटॉर्नी | देखे |
| 8 | पावर ऑफ़ अटॉर्नी/वकालतनामा | वकालतनामा | देखे |
| 9 | नामांतरण का आधार | वसीयत/हिबानामा | देखे |
| 10 | नामांतरण का आधार | विक्रय पत्र | देखे |
| 11 | नामांतरण का आधार | पंजीकृत दानपत्र | देखे |

मैंने मेरे द्वारा किए गए आवेदन पत्र को भलीभांति देख लिया है और यह स्वीकार करता हूं कि मेरे द्वारा प्रदान किए गए सभी विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही हैं। किसी भी प्रकार की विसंगति होने की स्थिति में अधिकृत लोक सेवा केन्द्र या सक्षम अधिकारी जिम्मेदार नहीं होगा, ऐसी स्थिति में पूर्णतया मैं स्वयं जिम्मेवार रहूंगा/रहूँगी।

आवेदक के हस्ताक्षर

मैं,**हीन मंधान** ,घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा प्रदाय किये गये समस्त दस्तावेजों को मूल प्रति से स्केन किया गया है, तत्पश्चात पोर्टल में अपलोड किया जा रहा है। दस्तावेजों के किसी भी तरह त्रुटिपूर्ण पाये जाने पर संपूर्ण जवाबदेही मेरी होगी, एवं नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही के लिए मैं स्वयं जिम्मेदार हूँ।

आवेदन जमा करने के लिए यहाँ चेक करे

जमा करें | छापें | अनुलग्नक सुधारे | आवेदन सुधारे | बुनियादी जानकारी सुधारे | बंद

**चित्र क्रमांक 13: पूर्वावलोकन**

**चरण 7.1 घोषणा:** घोषणा हेतु निर्धारित बॉक्स पर क्लिक करें।

**चरण 7.2:** घोषणा पर क्लिक करते ही ***"जमा करें"*** बटन दिखाई देगा। इस पर क्लिक करें।

# चरण 8: शुल्क का भुगतान

यह पेज कियोस्क ऑपरेटर द्वारा प्रति यूनिट लिए जाने वाले सेवा शुल्क को प्रदर्शित करता है।




**चित्र क्रमांक 14: शुल्क का विवरण**

**चरण 8.1:** निर्धारित शुल्क का भुगतान करें।
**चरण 8.2**: ***"जमा करें"*** पर क्लिक करें। इस तरह आवेदन जमा हो जाएगा।

नोट:

- लोकसेवा केंद्र/ सीएससी/कियोस्क के लिए सेवा शुल्क रु. 30 निर्धारित हैं।
- पाँच दस्तावेज़ों तक की स्कैनिंग निःशुल्क है। अतिरिक्त दस्तावेज़ों के लिए सेवा प्रदाता द्वारा निर्धारित शुल्क देय होगा।
- इसके अतिरिक्त और कोई शुल्क देय नहीं है।

# चरण 9: पावती सुरक्षित रखना

आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के पश्चात् पावती जेनरेट होती है। इसमें **आवेदन संदर्भ क्रमांक** देखा जा सकता है। इस पावती का प्रिंट आउट लेकर सुरक्षित रखें।

पावती (लोक सेवा गारंटी)

आवेदन सारांश:

| | |
|---|---|
| **आवेदन सन्दर्भ क्रमांक** | 0760012601000001 |
| **आवेदन दिनांक** | 12-02-2026 |
| **सेवा का नाम** | राजस्व सेवाएँ (नज़ूल पट्टा नामांतरण हेतु ) |
| **भुगतान का विवरण** | लोकसेवा केंद्र/सीएससी/कीओस्क के लिए सेवा शुल्क 30.00; स्कैनिंग शुल्क 27.00 |
| **कुल भुगतान शुल्क** | 57.0 |
| **भुगतान का तरीका** | ई-वॉलेट |
| **सेवा की नियत तिथि** | 01-07-2026 |
| **प्रदेय विवरण (प्रमाण पत्र, नगद प्राप्ति, आदेश की प्रति)** | आदेश की प्रति |

| कार्यालय | |
|---|---|
| **कार्यालय प्रकार** | जिला-कलेक्टोरेट |
| **जिला** | रायपुर |
| **जिला-कलेक्टोरेट** | ज़िला कलेक्टरेट रायपुर |

| आवेदक का विवरण | |
|---|---|
| **नाम** | सोहन लाल |
| **पता** | रायपुर छत्तीसगढ़ |
| **जिला** | रायपुर |
| **राज्य** | छत्तीसगढ़ |
| **ईमेल** | abc@gmail.com |
| **मोबाइल नंबर** | [illegible] |

किसी भी पूछताछ के लिये अपने निकटतम लोक सेवा केंद्र में संपर्क करें

| लोक सेवा केंद्र / सी.एस. सी./ चॉइस केंद्र का विवरण | |
|---|---|
| **नाम** | हीन मंधान |
| **पता** | देवेन्द्र णागर |
| **मोबाइल नंबर** | [illegible] |

**मुहर एवं हस्ताक्षर**

**नोट:** 1.यदि वैध शुल्क के अतिरिक्त अन्य किसी राशि की मांग की जाती है तो 0771-4013758 नंबर पर संपर्क करे |

2.आवेदन शुल्क रु. 30 (तीस रुपये मात्र) तथा समुचित वांछित दस्तावेज प्राप्त करते समय रु. 5 (पांच रुपये मात्र)

**चित्र क्रमांक 15: पावती एवं आवेदन संदर्भ क्रमांक**

**आवेदन संदर्भ क्रमांक** की सहायता से आवेदन की स्थिति छत्तीसगढ़ ई-डिस्ट्रिक्ट के पोर्टल पर देखी जा सकती है।

**उपयोगी जानकारी:**

- आवेदन जमा करने के बाद निर्धारित 90 दिनों की समय-सीमा के अंदर आवेदन का निराकरण कर दिया जाता है।
- सत्यापन और अनुमोदन पश्चात् नामांतरण आधिकारिक रूप से सरकारी भू-अभिलेखों में दर्ज कर दिया जाता है।